# कांग्रेस ने निकाला विजय जुलूस

- धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र पर विशाल रैली का आयोजन किया
- नीट पेपर लीक मामले में छात्रों को मिली बड़ी जीत




नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम,25 जुलाई. नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र के बाद जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष फैजान उल हक के नेतृत्व में विजय जुलूस निकाला.इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इसे युवाओं की जीत बताया.**

जुलूस के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पूर्व पार्षद कुलदीप राठौर ने कहा कि देश का युवा अब जाग चुका है और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है. पूर्व नगर अध्यक्ष अजय सैनी ने धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र को युवाओं की बड़ी जीत बताया. वहीं पूर्व पार्षद अजय दुबे ने कहा कि यह घटना मोदी सरकार के पतन की शुरुआत है.उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रहेगी.

इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कपिल फौजदार, संगठन उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, धर्मेंद्र तिवारी, अनोखी राजोरिया, चंद्र गोपाल मलैया, हेमंत चौधरी, संतोष तोमर, राकेश दुबे, राजेंद्र दोहरे, गुलाम हैदर, रिजवान खान, लखन रघुवंशी, आजाद भाटिया, देवेंद्र दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## रेत चोरी, तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, केस दर्ज

**नर्मदापुरम.** एनजीटी की रोक के बाद भी रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ खनिज विभाग ने कार्रवाई की है.रामपुर गुर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम मरोड़ा में विभागीय टीम ने अवैध रूप से रेत ले जा रहे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं.

एनजीटी द्वारा रेत उत्खनन पर रोक लगाए जाने के बावजूद कुछ लोगों द्वारा चोरी-छिपे रेत का परिवहन किया जा रहा था. सूचना मिलने पर टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और वाहनों को जब्त कर रामपुर गुर्रा थाना परिसर में खड़ा कराया. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है. खनिज विभाग का कहना है कि आगे की कार्रवाई पूरी कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा. अधिकारियों के अनुसार, रोक के बावजूद कई दिनों से अवैध रूप से रेत चोरी की जा रही थी.

## फिक्स रेट पर विज्ञापन देने पर नपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

- मांग पूरी नहीं होने पर मुख्यमंत्री स्तर तक शिकायत की दी चेतावनी



नवभारत न्यूज़

**इटारसी,25 जुलाई. नगर पालिका परिषद इटारसी के सीएमओ द्वारा समाचार पत्रों को फिक्स रेट पर विज्ञापन जारी करने के निर्णय के विरोध में नर्मदापुरम पत्रकार संघ, इटारसी के पत्रकारों ने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे को ज्ञापन सौंपा. पत्रकारों ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो मामले की शिकायत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की जाएगी.**

नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेखा जाटव द्वारा अपनी ओर से समाचार पत्रों को विज्ञापन जारी करने के लिए फिक्स रेट निर्धारित किए गए हैं, जो जनसंपर्क विभाग की निर्धारित नीति के विपरीत हैं. पत्रकारों ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशों के अनुसार जनसंपर्क विभाग प्रत्येक समाचार पत्र के लिए प्रतिवर्ष विज्ञापन दरें निर्धारित करता है और स्थानीय निकायों द्वारा उसी आधार पर भुगतान किया जाता है.

पत्रकारों ने नपाध्यक्ष से मांग की कि सीएमओ द्वारा फिक्स रेट पर विज्ञापन जारी करने की कार्रवाई को तत्काल रोका जाए. उन्होंने स्पष्ट किया कि इटारसी के किसी भी समाचार पत्र द्वारा निर्धारित नीति के विरुद्ध फिक्स रेट पर विज्ञापन प्रकाशित नहीं किए जाएंगे.पत्रकारों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता और पत्रकार हितों से जुड़ा विषय बताते हुए कहा कि यदि स्थानीय स्तर पर समाधान नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री स्तर तक अपनी बात रखी जाएगी.ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ पत्रकार जम्मू सिंह उप्पल, सुधांशु मिश्र, रोहित नागे, मंजू ठाकुर, अनिल मिहानी, कन्हैया गोस्वामी, बीएल श्रीवास्तव, इन्द्रपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे.

## एक नजर में



### नए एसडीएम कार्यालय परिसर में किया पौधरोपण

**नर्मदापुरम, 25 जुलाई .** रसूलिया में बने नए एसडीएम कार्यालय परिसर में शनिवार को अमृत हरित महा अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 22 में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख द्वारा पौधरोपण किया गया. इस दौरान करीब 151 पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण के संबंधितों को निर्देश दिए गए. उपयंत्री रीना गुप्ता ने बताया कि अमृत हरित महाअभियान के तहत पौधरोपण किया गया है. इस अभियान में उपयंत्री आयुषी रिछारिया, सिटी मैनेजर दिव्या मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी, गौरव वर्मा, भाजपा नेता रोहित गौर सहित नागरिकगण उपस्थित रहे.



### आज निकलेगी इस्कॉन की जगन्नाथ रथ यात्रा

**हरदा.** अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) हरदा के तत्वावधान में रविवार, 26 जुलाई को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा महारानी की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी. दोपहर 2 बजे गुर्जर बोर्डिंग से शुरू होने वाली यात्रा चैतन्य नेत्रालय, सनफ्लावर स्कूल, परशुराम चौक और चांडक चौराहा होते हुए गुप्तेश्वर मंदिर पहुंचेगी. रथ यात्रा के दौरान नगर में हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और जय जगन्नाथ के जयघोष से भक्तिमय माहौल रहेगा. विभिन्न स्थानों पर भगवान की पुष्पवर्षा, आरती और स्वागत किया जाएगा. यात्रा के प्रारंभ और समापन पर 56 भोग अर्पित किए जाएंगे तथा महाआरती और महाप्रसाद वितरण का आयोजन होगा. इस्कॉन हरदा के हेमांग निमाई प्रभु ने बताया कि भगवान के विग्रहों का विशेष श्रृंगार और रथ को पारंपरिक स्वरूप दिया गया है. उन्होंने श्रद्धालुओं से परिवार सहित रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान के दर्शन, संकीर्तन और महाप्रसाद का लाभ लेने की अपील की.



### भाजपा शक्ति केंद्रों की बैठक संपन्न

**सुहागपुर.** आरी मंडल विधानसभा सुहागपुर के शक्ति केंद्र क्रमांक-2 शिवशंकर सांगाखेड़ाकला एवं शक्ति केंद्र क्रमांक-10 शक्तिमाता की बैठक आयोजित की गई. बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने और आगामी कार्यों को लेकर चर्चा की गई.

## प्रतियोगिता के जरिए युवाओं को नशामुक्ति का संदेश

- जागरूकता कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को किया सम्मानित



**हरदा,25 जुलाई. मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के तहत शनिवार को जनपद पंचायत कार्यालय टिमरनी में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी श्रद्धा मित्तल के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं युवाओं ने भाग लिया.**

कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, अनुशासित और नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया. उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया. युवाओं में रचनात्मक सोच और सामाजिक जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से 'नशे के विरुद्ध जनजागरूकता' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई. प्रतिभागियों ने अपने चित्रों के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम और नशामुक्त समाज का प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किया. प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में पुलिस विभाग, जनपद पंचायत, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग के अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

टिमरनी एसडीओपी आकांक्षा तलेया ने बताया कि 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त मध्य प्रदेश का निर्माण करना है. जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है.

## नगर पालिका ने नगर में चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

- सड़कों, गली और खाली प्लाटों से निकाला कचरा
- अब कचरा फेंकने वालों पर होगा जुर्माना



नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम,25 जुलाई . शहर में शनिवार को नगरपालिका द्वारा समूचे नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान वार्डों की सड़कें, गली और खाली प्लाटों से भारी मात्रा में कचरा निकाला गया. नगर में हर शनिवार यह अभियान चलाया जाएगा. साथ ही सड़कों या नालियों में कचरा फैंकने वालों पर जुर्माना किया जाएगा.**

स्वच्छ भारत अभियान नोडल एवं स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के विशेष निर्देश पर समूचे नगर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. वार्ड क्रमांक एक से लेकर 33 तक की गली, सड़कें और खाली प्लाटों के साथ ही नालियों की सफाई की गई. कचरे को सीधे कचरा वाहनों भरकर ट्रेंचिंग ग्राउंड भिजवाया गया.नागरिकों से भी आग्रह किया गया कि अपनी गली, अपनी सड़क और अपने आस पास स्वच्छता बनाए रखें. त्योहारी और बारिश के मौसम को देखते हुए सभी सुपरवाईजर्स को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं.

## 1 हजार फीट बिजली तार चोरी, स्टार्टर तोड़ा

**नर्मदापुरम.** शहर के समीपस्थ ग्राम रायपुर में फोरलेन सर्विस रोड किनारे स्थित खेत से बदमाशों ने करीब 1 हजार फीट बिजली का तार चोरी कर लिया. चोरों ने खेत में लगे स्टार्टर में भी तोड़फोड़ की और केबल लेकर फरार हो गए.ग्राम ब्यावरा निवासी सत्येंद्र पटेल ने इस मामले में देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि घटना 20 जुलाई की रात की है.बदमाशों ने खेत में घुसकर तार और केबल सहित करीब 20 हजार रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया. रात के समय खेत पर कोई मौजूद नहीं रहता था और गेट पर ताला लगा हुआ था, इसके बावजूद चोर वारदात को अंजाम देने में सफल रहे. वहीं दूसरी घटना सायबर फ्रॉड से जुडी है, रामपुर गुर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम ग्वाड़ी में साइबर ठगी का मामला सामने आया है.

अज्ञात बदमाशों ने एक युवक का

## वार्ड 30 में सीसी रोड निर्माण का नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**इटारसी.** नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड क्रमांक 30 में झूलेलाल मंदिर से मेन रोड तक निर्माणाधीन 100 मीटर लंबी सीसी रोड का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया. उन्होंने सड़क की मोटाई, निर्माण सामग्री और तकनीकी मानकों की जांच करते हुए संबंधित एजेंसी को गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष ने निर्माण के बाद नियमित क्योरिंग (तराई) सुनिश्चित करने और सड़क पूरी तरह तैयार होने तक उस पर अनावश्यक आवागमन रोकने के निर्देश दिए.

## विद्यार्थियों को सीडबॉल वितरित किए गए

**पिपरिया.** शासकीय सांदीपनि आर.एन.ए. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य के मार्गदर्शन में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े तथा 'एक पेड़ मां के नाम 3.0' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण एवं नवांकुर अभियान चलाया गया. वरिष्ठ शिक्षक मनीष जैन, ज्ञानेंद्र हरदेनिया, गौतमजी, सुरेश पटेल, मेघा वर्मा, नेहा एवं इको क्लब प्रभारी राजकिशोर पटेल ने विद्यार्थियों को सीडबॉल वितरित किए.विद्यार्थियों को इन्हें खाली स्थानों एवं सड़क किनारे फेंककर अधिक से अधिक पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया है.

## आंवलीघाट में श्रीराम कथा का शुभारंभ

- भव्य कलश यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब
- अंतरराष्ट्रीय मानस प्रवक्ता अंजली आर्या कर रही हैं कथा



**सिवनी मालवा 25 जुलाई. तहसील के पवित्र नर्मदा तट आंवलीघाट में शनिवार से नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में हुआ.**

25 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत भव्य कलश यात्रा के साथ हुई. कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा. कथा प्रारंभ होने से पूर्व हथनापुर से विशाल कलश यात्रा निकाली गई. यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने पीले परिधान धारण कर सिर पर कलश रखे और भगवान श्रीराम के जयकारों के बीच सहभागिता की. वहीं हजारों श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और भजन-कीर्तन के साथ नाचते-गाते आंवलीघाट स्थित माँ नर्मदा के पावन तट तक पहुँचे. नर्मदा तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन-अर्चन संपन्न हुआ. इसके बाद कलश यात्रा कथा स्थल पहुँची, जहाँ करनाल की अंतरराष्ट्रीय मानस प्रवक्ता एवं प्रसिद्ध कथा वाचिका विदुषी अंजली आर्या ने मंगलाचरण के साथ संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ किया.

## हरित अभियान के तहत 400 पौधों का रोपण

- सीएमओ रोशन सिंह बाथम के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**हरदा , 25 जुलाई . अमृत हरित महा अभियान के तहत शनिवार को नगर पालिका द्वारा अजनाल नदी किनारे विभिन्न प्रजातियों के 400 पौधों का रोपण किया गया. कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोशन सिंह बाथम ने किया.**

पौधारोपण अभियान में उपयंत्री विवेक दुबे, सिटी मिशन मैनेजर तरुण पाटिल, हरिओम गुर्जर तथा पहल सामाजिक संस्था के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की. इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित क्षेत्र बढ़ाने का संदेश देते हुए पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया.

## अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर 'बाघ पखवाड़ा' का आयोजन

**पिपरिया, 25 जुलाई.** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस-2026 के उपलक्ष्य में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व द्वारा 29 जुलाई तक 'बाघ पखवाड़ा' आयोजित किया जा रहा है. इसका उद्देश्य जनमानस को बाघ संरक्षण एवं उनके प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है.इसी क्रम में ईको विकास समितियों धांसई, डोकरीखेड़ा, बारीआम एवं बंधान में 'सतपुड़ा संवाद' कार्यक्रम आयोजित किया गया.

## डॉक्टरों के बेहतर समन्वय से मिला नया जीवन



**इटारसी.** मासूम बच्चे को कोबरा सांप के काटने के बाद शासकीय सिविल अस्पताल और वात्सल्य हॉस्पिटल के डॉक्टरों के बेहतर समन्वय से नया जीवन मिला. घटना के बाद परिजन तुरंत बच्चे को सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉ. राकेश चौधरी एवं उनकी टीम ने बिना देरी किए एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) देकर उपचार शुरू किया. बच्चे की हालत गंभीर होने और वेंटिलेटर की आवश्यकता को देखते हुए डॉ. चौधरी ने तत्काल निर्णय लेते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए वात्सल्य हॉस्पिटल रेफर किया.वहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में बच्चे का आठ दिनों तक गहन उपचार चला.

**कार्यशाला** | गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष पर नर्मदापुरम जिले की सहभागिता

# सामाजिक न्याय, सद्भाव और मानवता का दिया संदेश




नवभारत न्यूज़

**नर्मदापुरम, 25 जुलाई . संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय, भोपाल में 23 जुलाई को आयोजित कार्यशाला संपन्न हुई.**

कार्यशाला में आगामी जयंती वर्ष 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक के कार्यक्रमों की रूपरेखा, सामाजिक समरसता एवं संत गुरु रविदास महाराज के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के संबंध में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश धनकर राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, कार्यक्रम प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, आचार्य रामदयाल शास्त्री राष्ट्रीय प्रचारक संत रविदास पीठ अमृतसर, श्री गौतम टेटवाल, विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष ने मार्गदर्शन प्रदान किया.कार्यशाला में नर्मदापुरम जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना ने बताया कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जयंती तक राष्ट्रव्यापी श्री गुरु रविदास समरसता अभियान आयोजित किया जाना है. कार्यशाला में सह संयोजक नीतू यादव, ममता नागवंशी, दिनेश चौधरी एवं माखनलाल अहिरवार ने भी सहभागिता की. सभी पदाधिकारियों ने प्रदेश नेतृत्व से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुसार जिले में जयंती वर्ष के दौरान विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जन जागरण कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया गया. कार्यशाला में संत गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, सद्भाव और मानवता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने तथा जयंती वर्ष को व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाने पर विशेष जोर दिया गया. प्रदेश नेतृत्व ने सभी जिला प्रतिनिधियों से बूथ स्तर तक कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन एवं समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया.

## विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया



नवभारत न्यूज

**इटारसी, 25 जुलाई. मध्य प्रदेश पुलिस एवं नर्मदापुरम पुलिस द्वारा संचालित विशेष अभियान 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' के अंतर्गत शनिवार को नगर के जीनियस प्लानेट स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था.**

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा और भविष्य को भी बर्बाद कर देता है. उन्होंने छात्रों से नशीले पदार्थों और गलत संगति से दूर रहने, अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेलकूद और राष्ट्र निर्माण में लगाने तथा समाज को भी नशे के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया. पुलिस अधिकारियों ने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी. विद्यार्थियों को बताया गया कि नशे की लत व्यक्ति को अपराध की ओर धकेल सकती है और उसके जीवन के लक्ष्यों को प्रभावित करती है. समापन पर सभी ने स्वयं नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग देने की शपथ ली.

## स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**पिपरिया, 25 जुलाई.** विद्युत उपभोक्ताओं की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बिजली विभागा उपमहाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा.

**नाम परिवर्तन**

मैं चंदन कुमार शाहा आ. श्री प्राणेश्वर साहा निवासी-रामकृष्ण नगर, बंगाली कालोनी नर्मदापुरम. सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि पूर्व में मेरा नाम चंदन कुमार मेरी अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है. मैंने अपना नाम परिवर्तित कर पूर्व नाम चंदन कुमार के स्थान पर चंदन कुमार शाह कर लिया है. मेरा वर्तमान नाम चंदन कुमार शाह है. उक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं के है. मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जावे.